दिव्यांग परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था एवं वीक्षक कार्य

1. दृष्टिबाधित/अस्थिबाधित दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु केन्द्र में बैठक व्यवस्था यथासंभव भूतल पर होना चाहिये।

2. दृष्टिबाधित/अस्थिबाधित दिव्यांग परीक्षार्थी जो सहलेखक की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं, परीक्षार्थियों हेतु बड़े हॉल में चारों कोनों में तथा बीच में एक परीक्षार्थी के बैठने हेतु व्यवस्था की जावे।

3. यदि कमरे का आकार छोटा होने से अभ्यर्थियों को उनके सहलेखक के साथ चर्चा करने में असुविधा हो रही हो, तो अधिकतम दो परीक्षार्थियों को उनके सहलेखक के साथ बैठाया जावे।

4. ऐसे दृष्टिबाधित/अस्थिबाधित दिव्यांग अभ्यर्थी जिन्हें सहलेखक की आवश्यकता नहीं है, को सामान्य परीक्षार्थियों के साथ बैठाया जावे।

5. सहलेखक की सुविधा प्राप्त कर रहे दृष्टिबाधित/अस्थिबाधित दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये बगल में सहलेखक हेतु बैठक व्यवस्था होनी चाहिये तथा एक वीक्षक उनके सामने बैठा हो, जिससे परीक्षा निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो।

6. वीक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि परीक्षार्थी के द्वारा बताये गये उत्तर ही सहलेखक स्क्रीन पर अंकित कर रहा है।

7. वीक्षक यह भी सुनिश्चित करेगा कि सहलेखक परीक्षार्थियों को अपनी शारीरिक मुद्राओं, हावभाव द्वारा, आवाज से या अन्य किसी भी प्रकार से प्रश्नों के उत्तर सही अथवा गलत होने के संकेत नहीं करेगा। इस प्रकार की कोई भी गतिविधि पाई जाने पर परीक्षार्थी परीक्षा हेतु अपात्र माना जावेगा तथ उसके व सहलेखक के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावे।

8. परीक्षार्थी एवं सहलेखक के बीच संवाद से परीक्षा हॉल में बैठे अन्य परीक्षार्थियों को किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नही होना चाहिये।

9. परीक्षार्थी एवं सहलेखक के बीच का संवाद विषय विशेष से बाहर नहीं होना चाहिये।

10. वीक्षक द्वारा सहलेखक की सुविधा प्रदाय करने वाले परीक्षार्थियों की सूची बनाई जावेगी, जिसमें परीक्षार्थियों के नाम, रोल नंबर, पेपर/विषय परीक्षार्थी द्वारा लिया गया है। अतिरिक्त समय एवं सहलेखक का नाम शैक्षणिक योग्यता के बारे में पृथक से जानकारी ली जावे।

11. केन्द्राध्यक्ष दिव्यांग परीक्षार्थियों के संबंध में पृथक से भी वीक्षकों को ब्रीफ करेंगे।

12. ऐसे अभ्यर्थी जो सहलेखक की सुविधा प्राप्त कर रहें है। उस पर वीक्षण कार्य हेतु एक अभ्यर्थी पर एक वीक्षक की नियुक्ति की जाना सुनिश्चित करें।

16/6/18

डॉ. पी. सी. यादव
परीक्षा नियंत्रक
म. प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर